www.wagadsandesh.com

# वागड़ संदेश

Tital Code : RAJHIN27802

जन मन की आवाज

सम्पर्क

ई-पेपर मे खबरे व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें

ई-मेल - editorwagadsandesh@gmail.com

8890633631
9309255545
6351581818

वर्ष-2 | अंक-129 | सागवाड़ा, बुधवार, 11 जनवरी, 2023 | अवधिः हिन्दी ई-पेपर | पृष्ठ-1, मूल्य-10 रु. (वार्षिक)

## मंदिर में शादी करवाई, 8 महीने बाद पति, सास-ससुर ने दहेज में मांगे 10 लाख कैश, 20 तोला सोने के जेवरात

### भीलुड़ा निवासी एक महिला ने अपने पति, सास और ससुर के खिलाफ दहेज प्रताड़ना का केस दर्ज करवाया

**डूंगरपुर।** सागवाड़ा थाने में भीलुड़ा निवासी एक महिला ने अपने पति, सास और ससुर के खिलाफ दहेज प्रताड़ना का केस दर्ज करवाया है। महिला ने 10 लाख रुपए कैश और 20 तोला सोने के जेवरात दहेज में मांगने का आरोप लगाया है। महिला की रिपोर्ट पर पुलिस ने केस दर्ज करते हुए जांच शुरू कर दी है।

सागवाड़ा थाना एएसआई मणिलाल ने बताया की रिया (21) पत्नी भाविक टेलर ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। इसमें बताया की उसकी शादी 3 मई 2022 को भाविक के साथ बांसवाड़ा के मदारेश्वर मंदिर में हुई थी। दोनों के परिवार के बीच अप्रैल 2022 में रिश्ते की बात हुई थी। पति भाविक टेलर, सास रंजिता टेलर, ससुर विमल टेलर निवासी मोटागांव जिला बांसवाड़ा कुवैत में ही परिवार के साथ रहते है। 19 अप्रैल 2022 को भाविक कुवैत से गांव आया। लेकिन गांव में दुकान की प्रॉब्लम बताकर वह भिलुडा में रिया के घर पर ही रुक गया। भाविक ओर उसके परिवार के बीच अच्छी बातचीत हुई। फिर दोनो परिवारों की सहमति से मंदिर में शादी करवाई। लेकिन उसके सास रंजिता और ससुर विमल टेलर नही आए। आरोपी पति और सास ससुर ने शादी के बाद रिया को भी कुवैत ले जाने की बात कही। शादी के करीब डेढ़ महीने बाद भाविक वापस कुवैत गया। सितंबर 2022 के नई वीजा लेकर भाविक वापस आया। पिता के घर भिलुड़ा में ही रहा।

रिया का पासपोर्ट और वीजा बनाने के बाद ले जाने का वादा किया। 27 अक्टूबर 2022 को फिर से कुवैत गया। इसके बाद दिसंबर 2022 में उसके सास और ससुर इंडिया आए। रिया ने रिपोर्ट में बताया की इंडिया आने के बाद भी उसके सास ससुर ने कोई बात नही की तो उसके माता -पिता ने संपर्क किया। इस पर उसके सास रंजिता टेलर और ससुर विमल टेलर ने दहेज में 10 लाख कैश और 20 तोला के जेवरात मांगे। माता पिता की आर्थिक हालत ठीक नहीं होने से दहेज नहीं दे सके। इस पर आरोपियों ने रिया को भी अपने साथ नही ले जाने और जिंदगी बर्बाद करने की धमकी दी। रिया ने बताया की उसके पति भाविक, सास रंजिता और ससुर विमल टेलर ने षड्यंत्र रचकर उसकी शादी करवाई। इसके बाद अब दहेज की मांग कर रहे है। मामले में सागवाड़ा पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## विद्यानिकेतन गामडा ब्राह्मनिया में चिन्तक बैठक 12 को

**सागवाड़ा।** विद्यानिकेतन गामडा ब्राह्मनिया में 12 जनवरी को विद्यालय दर्शन हेतु जनजाति विद्यालय बाँसवाड़ा के जिला सचिव मानेंग पाटीदार का एक दिवसीय प्रवास रहेगा। विद्यानिकेतन विद्यालय गामडा ब्राह्मनिया के प्राचार्य रुपेश दवे ने बताया कि इस दौरान पाटीदार विद्यालय में अध्यापन व्यवस्था, शिक्षण व्यवस्था और भैया बहिनों में बोद्धिकता की जानकारी लेंगे। प्राचार्य ने बताया कि पाटीदार विद्यालय में कक्षा तीसरी से आठवी तक के अभिभावकों की दोपहर 2 से 2.50 बजे तक विद्यालय में चिन्तक बैठक लेंगे और गांव के विविध संगठनो व समितियों की भी बैठक लेंगे। इस दौरान विद्यालय में भैया बहिन का अवकाश नही रहेगा उनका शिक्षण कार्य यथावत रहेगा।

## युवा पीढ़ी में जीवन मूल्यों की आवश्यकता शर्मा

**सागवाड़ा।** विद्या निकेतन संस्थान सागवाड़ा की ही चिंतक बैठक विद्या निकेतन माध्यमिक विद्यालय माधव परिसर सागवाड़ा में संपन्न हुई। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी प्रकाश शर्मा थे। अध्यक्ष देव शंकर सुथार विशिष्ट अतिथि नगर संघचालक माननीय उमाकांत व्यास एवं पंकज दलाल थे। अतिथियों ने दीप प्रज्वलन किया जिसके बाद सरस्वती वंदना हुई। अतिथि स्वागत प्रबन्ध समिति के पदाधिकारियों जिला संस्कार केंद्र प्रमुख गिरीश पाटीदार, प्रधानाचार्य नगीन सोमपुरा, जितेंद्र जोशी, ईश्वरलाल सोवड़ा ने किया। समिति के सचिव मंगलेश वाडेल ने अतिथि परिचय करवाया। प्रबंध समिति के अध्यक्ष कन्हैयालाल भाटिया ने विद्यालय इतिहास प्रस्तुत किया। विद्या भारती के जिला सचिव जितेंद्र कुमार जोशी ने हित चिंतक बैठक की भूमिका प्रस्तुत की। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्रकाश शर्मा ने कहा कि समाज में जीवन मूल्यों का ह्रास हो रहा है। समाज की कड़ी को जोड़ने के लिए व्यक्तित्व का विकास होना आवश्यक है। बालकों में बाल्यकाल से ही शिक्षा संस्कार एवं समर्पण का विकास करने के लिए समाज में हमारी पहली जिम्मेदारी बनती है। प्रबुद्धजन समाज में कमियों एवं बुराइयों को दूर करने के लिए जागरण का कार्य करेंगे तभी राष्ट्र विकास की ओर अग्रसर होगा। आज विद्यालयों में मातृभाषा का होना अत्यंत आवश्यक है। किसी भी राष्ट्र की उन्नति को उसकी संस्कृति से आका जा सकता है। संस्कार एवं संस्कृति से हीन व्यक्ति न तो अपना भला कर सकता है और ना ही राष्ट्र का भला कर सकता है। समाज में जब व्यक्ति मजबूत होगा तो राष्ट्र मजबूत होगा। आज हमें ईर्ष्या, द्वेष एवं निंदा से ऊपर उठकर कार्य करना चाहिए। हमें लक्ष्य बड़ा लेना लेकर उसी के अनुरूप प्रयास करेंगे तो सफलता अपने आप मिलेगी। अध्यक्ष आशीर्वचन में देवशंकर सुथार ने कहा कि बालकों को संस्कार ही जीवन जीने के तरीके सिखाता है। संस्कार विहीन शिक्षा से जीवन दुष्कर हो जाता है। कार्यक्रम में प्रद्युमन शाह, चंद्रकांत भावसार, दिनेश अहारी ने भी हित चिंतक बैठक में अपने सुझाव एवं वक्तव्य रखे। आभार प्रबंध समिति के उपाध्यक्ष कमलाशंकर सुथार ने जताया।

## चोरी की मोटर पंप सेट बरामद, पुलिस ने दो को किया गिरफ्तार

**ओबरी।** चोरी की गई मोटर पंप सेट को बरामद करते हुए पुलिस ने मंगलवार को दो लोगों को गिरफ्तार कर चोरी किए माल 02 वाटर पम्प को बरामद किया गया। गिरफ्तार सुरेश पुत्र बदीया उर्फ बदा अहारी निवासी आरा पुलिस थाना सागवाडा व कमलेश पुत्र शंकर भगोरा निवासी डैयाणा पुलिस थाना ओबरी का नाम शामिल है।

थाना प्रभारी देवेन्द्रसिंह राव ने बताया कि विगत एक दिन पूर्व गोपालसिंह पुत्र धूलसिंह राठौड निवासी ओबरी ने रिपोर्ट देकर बताया कि उसके व पडौसी लसु पुत्र कलजी डेण्डोर निवासी ओबरी के कुए पर लगे वाटर पम्प 10 एसपी का सिंचाई हेतु कुए पर लगा रखे थे। जो अज्ञात बदमाशान चुरा कर ले गए है।

रिर्पोट पेश होते ही थानाधिकारी देवेन्द्रसिंह राव, हैड कानि गोविन्दलाल, कानि कन्हैयालाल व गोविन्द्रसिंह ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चोरी के दो वाटर पंप को बरामद करते हुए सुरेश अहारी व कमलेश भगोरा को गिरफ्तार कर लिया गया। उक्त बदमाश शराब पीने व पाटीर्या करने के लिए रात्री के समय मय सूनसान जगह से वाटर पम्प चोरी करने के आदि है।

## राजीव गांधी शहरी ओलपिंक खेलो की तैयारी को लेकर पालिका अध्यक्ष खोडनिया ने ली बैठक



**सागवाडा।** नगरपालिका अध्यक्ष नरेन्द्र खोडनिया ने 26 जनवरी से प्रारम्भ होने वाले राजीव गांधी शहरी ओलपिंक खेलो की तैयारी हेतु आवश्यक बैठक ली। बैठक में मुख्य ब्लाक शिक्षा अधिकारी नरेन्द्र भट्ट, अतिरिक्त ब्लॉक शिक्षा अधिकारी प्रदीप सिंह, प्रधानाचार्य वेलचन्द पाटीदार सहित कई शारीरिक शिक्षक व पालिका कनिष्ठ अभियन्ता लोकेश पाटीदार, कनिष्ठ सहायक प्रवीण पाटीदार, उपाध्यक्ष राजु मामा पार्षद इन्द्रजीत मकवाणा, इस्माइल बिल्ला सहित पालिका कर्मचारी उपस्थित रहे। नगर पालिका सागवाडा में अब तक 43 खिलाडियों द्वारा रजिस्ट्रेशन करा दिया गया है।

बैठक में नगरपालिका सागवाडा द्वारा एक टीम का गठन कर सम्पूर्ण कार्यक्रम की योजना बनाने, पार्षदों की बैठक आयोजित कर वार्ड अनुसार टीम चयन कर पंजीकरण करने हेतु योजना बनाने, वार्ड अनुसार खेलो के नाम, खिलाडियों की संख्या, खिलाडी का नाम सहित रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया के साथ मुख्य-मुख्य स्थानों पर फ्लेक्स, बैनर लगाकर आमजन को जागरूक करना। खेल अनुसार खेल मैदान का चयन करना। सीबीईओं कार्यालय द्वारा शारीरिक शिक्षकों की प्रतिनियुक्ति करना। शहरी ओलपिंक के लिए अलग से पालिका में कार्यालय स्थापित किया जा रहा है जिसमें खिलाडियों का पंजीयन जन आधार कार्ड के माध्यम से पालिका से ही करवा सकेगें। उत्कृष्ट व विजेता खिलाडियों हेतु प्रंशसा प्रमाण पत्र तैयार करवाना आदि पर चर्चा की गई।

## डामोर समाज की क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन

**सीमलवाड़ा ।** डामोर समाज की 12वीं रनिंग क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन पुनावाड़ा में हुआ। समापन समारोह के मुख्य अतिथि सरपंच संघ ब्लॉक अध्यक्ष बाबूलाल डामोर, अध्यक्ष सेवानिवृत्त शिक्षाविद मदन सिंह पगी, कालू सिंह डामोर, सरपंच पवन सिंह डामोर, मणिलाल डामोर, रायमल सिंह डामोर, धूलेश्वर डामोर, आईसीडीएस परियोजना अधिकारी करण सिंह डामोर, वालचंद डामोर, भीम सिंह डामोर, डाया लाल डामोर, केशव लाल, दीप सिंह सहित के सानिध्य में हुआ। फाइनल मुकाबला कालेसर गुजरात एवं रेल्या गुजरात के मध्य खेला गया जिसमें कानेसर गुजरात 45 रनों से विजई रहा। इस प्रतियोगिता में 120 टीमों ने भाग लिया था। जिसका उद्घाटन 25 दिसंबर को किया गया था। प्रतियोगिता में प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट विपुल बारिया, बेस्ट बैट्समैन मिथुन सिंह बागोरिया, बेस्ट बोलो कालू भाई पगी रहे विजेता एवं उपविजेता टीम को ट्रॉफी एवं नगद इनाम राशि देकर सम्मानित किया गया । कार्यक्रम का संचालन मोहनलाल डामोर ने किया। आभार सरपंच मनोहर सिंह ने जताया ।

## पालनहार योजना से वंचित नहीं रहेगा कोई भी पात्र बच्चा

### डूंगरपुर में कलेक्टर ने चलाया मिशन पालनहार

**डूंगरपुर।** जिला कलक्टर लक्ष्मी नारायण मंत्री की पहल पर जिले में पालनहार योजना से वंचित बच्चों को जोड़ने के लिए विशेष अभियान शुरू किया गया है। यह अभियान दो चरणों में क्रियान्वित किया जाएगा। अभियान के दौरान विद्यालयों, आंगनवाडी केन्द्रों व मां बाडी केन्द्रों पर अध्ययनरत बच्चो का सर्वे किया जाएगा वही पात्र मिलने पर उन बच्चो के आवश्यक दस्तावेज बनवाते हुए उन्हें पालनहार योजना से जोडा जाएगा। डूंगरपुर जिले के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उप निदेशक अशोक शर्मा ने बताया कि डूंगरपुर जिले में वर्तमान में 11 हजार 500 लोगो के 17 हजार 300 बच्चे पालनहार योजना का लाभ ले रहे है 7 जिसमे अनाथ, विधवाओ के बच्चे और दिव्यांग जन के बच्चे शामिल है। उन्होंने बताया की कलेक्टर की अध्यक्षता में हुई बैठक में ये बात सामने आई थी कि जिले में ऐसे दिव्यांगजन जो पेंशन ले रहे है उनके मुकाबले पालनहार योजना का लाभ रहे बच्चो की संख्या में काफी कम है।

जिसके चलते कलेक्टर लक्ष्मी नारायण मंत्री ने जिले में एक अभियान चलाते हुए पात्र होते हुए भी पालनहार योजना से वंचित बच्चो को योजना का लाभ दिलाने के निर्देश दिए है। वही निर्देश मिलने के बाद सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग ने शिक्षा विभाग, पंचायत समितियों विकास अधिकारियो के सहयोग से मिशन पालनहार अभियान शुरू किया है। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उप निदेशक अशोक कुमार शर्मा ने बताया कि अभियान के पहले चरण में पेंशन ले रहे दिव्यांगजनो के घरो तक टीम जाएगी और उनके बच्चो का सर्वे करेगी। वही इसके साथ ही विद्यालय, आंगनवाडी केन्द्रों व मां बाडी केन्द्रों पर अध्ययनरत बच्चो का सर्वे कर उनका चिन्हीकरण किया जाएगा। वही सर्वे दल द्वारा उनके दस्तावेज एकत्रित किये जायंगे। इधर दूसरे चरण में इस अवधि में पूर्ण किये गये दस्तावेज को ई-मित्र के माध्यम से ऑनलाईन जमा करवाया जाएगा। उन्होंने बताया कि ऑनलाईन आवेदन किये जाने के लिए ग्राम पंचायत वार शिविर भी लगाये जायेंगे। शर्मा ने बताया की ऑनलाईन प्राप्त आवेदनों की स्वीकृति भी तत्काल जारी की जाएगी।

## मंत्री का IAS पर फूटा गुस्सा, सीएम से तबादला मांगा

**जयपुर।** राजस्थान में मंत्री और IAS अफसरों के बीच विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। अब कृषि मंत्री लालचंद कटारिया और विभाग के प्रमुख सचिव दिनेश कुमार के बीच झगड़ा शुरू हो गया है। यह अनबन इस हद तक बढ़ गई है कि कटारिया ने मुख्यमंत्री को लेटर लिखकर दिनेश कुमार को विभाग से हटाने की मांग कर डाली है। बताया जाता है कि कटारिया प्रमुख सचिव दिनेश कुमार के रवैये से खफा हैं, वहीं दिनेश कुमार ने भी कटारिया की बात माननी बंद कर दी है। मामला यह है कि कृषि मंत्री लालचंद कटारिया ने अपने विभाग के प्रमुख सचिव दिनेश कुमार के कामकाज से नाराजगी व्यक्त की है। सूत्रों का कहना है कि जल्द आने वाले कृषि बजट को तैयार करने, कटारिया के सुझावों को शामिल नहीं करने और पूछे गए सवालों का जवाब नहीं देने से मंत्री नाराज हैं। यह मामला अब काफी गरमा गया है। कटारिया ने सरकार को मौखिक भी और पत्र लिख कर अपनी नाराजगी जाहिर कर दी है। सूत्रों के मुताबिक, अब दिनेश कुमार का तबादला होना तय है।

## तीन दिन में 7 विद्युत डीपी चोरी, पुलिस ने चोरों की तलाश को लेकर जारी किया विशेष अभियान

**सीमलवाड़ा ।** डूंगरपुर जिले के धंबोला थाना क्षेत्र में बिजली के ट्रांसफार्मर चोरी की वारदाते बढ़ने लगी है। तीन दिन में दूसरी बार ट्रांसफार्मर चोरी हुए है। झलाप गांव में किसानो के खेतो के पास लगी तीन एचपी की मोटर चोरी हो गई। इसे लेकर जेईएन की ओर से केस दर्ज करवाया गया है। फिलहाल पुलिस चोरों की तलाश कर रही है।

सीमलवाड़ा जेईएन नवीन पाटीदार की ओर से धंबोला थाने और चौरासी में रिपोर्ट दर्ज करवाई है। जेईएन ने बताया की झलाप गांव में तीन दिन पहले भी तीन अलग- अलग जगहों से 5 ट्रांसफार्मर चोरी हुए थे। सोमवार रात के समय चोरों ने फिर से लवजी मोगाजी पाटीदार, धूलेश्वर मगलजी पाटीदार के खेतो पर पास लगा 3 एचपी का ट्रांसफार्मर चोरी कर लिया। वही चौरासी थाना क्षेत्र के चारवाड़ा में भी एक डीपी चूरा के गए हैं। चोर ट्रांसफार्मर को उतारकर उसमे से कॉपर के तार और ऑयल चोरी कर ले गए। घटना का पता मंगलवार को लगा तो इसकी सूचना बिजली निगम के अधिकारियों को दी गई। वही जेईएन नवीन पाटीदार ने चोरी की जानकारी लेकर धंबोला थाने और चौरासी थाने में रिपोर्ट दी है। पुलिस अब चोरों की तलाश कर रही है। पोलिस ने अज्ञात चोरों की धरपकड़ को लेकर विशेष अभियान शुरू किया है।

## राजस्थान में राष्ट्रपति की सुरक्षा में चूक

**पाली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के राजस्थान दौरे के वक्त सुरक्षा में चूक का मामला सामने आया है। हेलीपैड पर थ्री लेयर सुरक्षा तोड़कर एक महिला जेईएन ने राष्ट्रपति के पैर छू लिए थे। हालांकि एसपी के निर्देश पर उस जेईएन को पकड़कर थाने भी ले गए, लेकिन बाद में उन्हें छोड़ दिया गया था। इस पूरे मामले को पुलिस ने रिकॉर्ड में नहीं लिया और दबा दिया गया। अब गृह मंत्रालय ने इसको लेकर रिपोर्ट मांगी है। दरअसल, महामहिम 4 जनवरी को पाली के निम्बली ब्राह्मण गांव में हो रही जंबूरी का उद्घाटन करने आई थीं। हेलीपैड पर उनकी सुरक्षा थ्री लेयर में सुरक्षाकर्मी तैनात थे। इसी बीच अचानक एक महिला JEN प्रोटोकॉल तोड़कर राष्ट्रपति के पैर छूने आ गई। महिला जेईएन को राष्ट्रपति के सुरक्षाकर्मी ने हटाया, लेकि तब तक उसने मुर्मू के पैर छू लिए थे। इसके बाद एसपी गगनदीप सिंगला के निर्देश पर जेईएन को रोहट पुलिस थाने ले जाया गया था, लेकिन कुछ घंटे बाद हिदायत देकर छोड़ दिया गया। मामले को रिकॉर्ड में नहीं लिया गया।

## मुख्यमंत्री स्वामी शिवानंद महाराज जी के 15वें निर्वाण दिवस समारोह में पहुंच

## राजस्थान जैसी योजनाएं पूरे देश में कहीं भी नहीं: गहलोत




**जयपुर।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि स्वामी शिवानंद महाराज जी ने आध्यात्मिक भाव रखते हुए शिक्षा, सामाजिक सद्भाव सहित जनहित में विभिन्न कार्य किए है। अंधविश्वास और कुरीतियों को मिटाने, वृद्धाश्रम की स्थापना में भी उनका अतुलनीय योगदान रहा है। गहलोत ने मंगलवार को सवाई माधोपुर की बामनवास विधानसभा क्षेत्र के गांव भेड़ोली में स्वामी शिवानंद जी महाराज के 15वें निर्वाण दिवस पर आयोजित समारोह को संबोधित किया। गहलोत ने कहा कि सवाई माधोपुर जिले के विकास में कमी नहीं रखी गई है। क्षेत्र में 21 महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, उप जिला अस्पताल की जिला अस्पताल में क्रमोन्नति, चिकित्सा व नर्सिंग महाविद्यालय, बामनवास व बौंली में नई नगरपालिका का गठन सहित अनेक विकास कार्य हुए हैं। आगे भी स्थानीय जनता की मांग के अनुसार कार्य कराए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने आमजन से आह्वान किया कि वे जनकल्याणकारी योजनाओं का अधिकाधिक प्रचार-प्रसार कर राज्य के विकास में अपनी महत्वपूर्ण भागीदारी निभाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना (ईआरसीपी) को अपने संसाधनों से पूरा करेगी। अभी 9600 करोड़ रुपए स्वीकृत किए हैं, कार्य नहीं रूकेगा।

उन्होंने कहा कि इन जिलों में जल जीवन मिशन भी ईआरसीपी से पानी मिलने पर ही सफल हो सकता है। इसलिए केंद्र सरकार ईआरसीपी को राष्ट्रीय परियोजना घोषित करें, ताकि 13 जिलों को पीने और सिंचाई के लिए पानी मिले। गहलोत ने कहा कि राजस्थान जैसी जनकल्याणकारी योजनाएं पूरे देश में कहीं भी नहीं है। मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना में 10 लाख रुपए तक का निःशुल्क उपचार, 5 लाख रुपए तक का दुर्घटना बीमा और किडनी, हार्ट, सहित अन्य ट्रांसप्लांट का सारा खर्च राज्य सरकार वहन कर रही है। चिकित्सा में ऐसी सुविधा देने में राज्य अग्रणी है।




